ड्रग्स, शराब और जुआ (2 का भाग 2)

रेटिंग:

विवरण: ??? ?????? ???????? ?? ??????? ????????? ?? ?????? ???? ???? ??-??? ?? ???: ??????, ???? ?? ???? ??? 2: ?????? ???? ??? ?????? ??? ?? ??????? ????? ?? ??????? ???? ?? ?? ???????? ?? ??? ???? ?? ??? ????? ?? ?????? ?? ???????????

श्रेणी: पाठ › इस्लामी जीवन शैली, नैतिकता और व्यवहार › सामान्य नैतिकता और व्यवहार

द्वारा: Imam Mufti (© 2013 NewMuslims.com)

प्रकाशित हुआ: 08 Nov 2022

अंतिम बार संशोधित: 07 Nov 2022

उद्देश्य

- आधुनिक समाज में जुए के व्यापक रूपों को पहचानना।
- जुए और उसके प्रकारों पर इस्लामी आदेश जानना।
- शराब, ड्रग्स और जुए की बुराइयों से निपटने के छह तरीके सीखना।

अरबी शब्द

- *???* - याचना, प्रार्थना, अल्लाह से कुछ मांगना।
- *??????* - अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर सुन्नत शब्द के कई अर्थ हैं, हालांकि आम तौर पर इसका अर्थ है जो कुछ भी पैगंबर ने कहा, किया या करने को कहा।

जुआ

जुआ ईमानदारी से मेहनत करने को हतोत्साहित करता है और लालच, भौतिकवाद और असंतोष को बढ़ावा देता है। यह "जल्दी अमीर बनने" की सोच और ईश्वर प्रदत्त संसाधनों का लापरवाही से निवेश को बढ़ावा देता है।

"जुए की लत" एक अभिज्ञात मानसिक स्वास्थ्य समस्या है![1] खेल पर दांव लगाना, लॉटरी टिकट खरीदना, पोकर खेलना, स्लॉट मशीन या रूले कुछ ऐसी गतिविधियां हैं जिनमें बाध्यकारी जुआरी शामिल

होते हैं। जबकि कई अन्य लोग कैसीनो में जुआ खेलना पसंद करते हैं, ऑनलाइन जुआ खेलने की दर बढ़ रही है।

इस्लाम मे जुआ खेलना वर्जित है। यह निषेध क़ुरआन और पैगंबर की सुन्नत पर आधारित है। क़ुरआन में हम पढ़ते हैं:

“ऐ विश्वास करने वालो! निःसंदेह मदिरा, जुआ, देवस्थान और पासे शैतानी मलिन कर्म हैं, अतः इनसे दूर रहो, ताकि तुम सफल हो जाओ। शैतान तो यही चाहता है कि शराब (मदिरा) तथा जूए द्वारा तुम्हारे बीच बैर तथा द्वेष डाल दे और तुम्हें अल्लाह की याद तथा नमाज़ से रोक दे, तो क्या तुम रुकोगे या नहीं?”(सूरह अल-माइदा 90-91)

अल्लाह के दूत ने जुए पर इस हद तक रोक लगाने पर जोर दिया कि जुए में भाग लेने पर विचार करना भी दोष माना जाता था। अल्लाह के दूत ने कहा: "जो कोई दूसरे से कहता है: '**आओ जुआ खेलें' उसे दान देना चाहिए (जुआ खेलने के इरादे के प्रायश्चित के रूप में)।" (सहीह अल-बुखारी)**

हम कह सकते हैं कि जुआ एक ऐसी गतिविधि है जिसमें खिलाड़ी स्वेच्छा से आपस में पैसे या कुछ मूल्य का लेनदेन करते हैं, लेकिन यह लेनदेन भविष्य की घटना के परिणाम के लिए सशर्त है जो अनिश्चित है।

मूल रूप से जुए के दो मूलभूत रूप हैं:

1) जुए का पहला रूप वो है जब कोई भी पक्ष निश्चित रूप से किसी भी राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं होता है; बल्कि, प्रत्येक पक्ष का भुगतान भविष्य में अनिश्चित घटना पर निर्भर है। इसमे जुआरी शुरू में अपना पैसा दांव पर नहीं लगाता, बल्कि बाद में भुगतान करने का वादा करके पैसे को दांव पर लगाता है।

उदाहरण के लिए, ए और बी एक दौड़ में प्रतिस्पर्धा करते हैं इस वादे के साथ कि हारने वाला जीतने वाले को $100 देगा। इस उदाहरण में, किसी एक पक्ष द्वारा पैसे देने की कोई निश्चितता नहीं है; बल्कि भुगतान जीतने और हारने पर निर्भर है।

इस श्रेणी में घुड़दौड़ और कई अन्य खेलों में होने वाली सट्टेबाजी भी शामिल है। उदाहरण के लिए, ए कहता है बी से कि यदि टीम एक्स मैच जीतेगी तो मैं आपको $100 दूंगा, लेकिन यदि टीम एक्स हारती है तो आपको मुझे $100 देना होगा।

2) जुए का दूसरा रूप वह है जहां भुगतान एक पक्ष से निश्चित है, और दूसरे पक्ष से अनिश्चित है। जो निश्चित रूप से भुगतान कर रहा है वह वास्तव में अपनी संपत्ति को दांव पर लगा रहा है, कि यह अधिक धन ला सकता है या यह पूरी तरह से जा सकता है। यह संभवतः सबसे व्यापक प्रकार का जुआ है और इसके कई अलग-अलग रूप हैं।

इसके अलावा विभिन्न प्रकार की लॉटरी, रैफल्स और स्वीपस्टेक्स भी शामिल हैं, जहां किसी को ड्रॉ में शामिल होने के लिए भुगतान करना पड़ता है, चाहे यह भुगतान प्रवेश शुल्क के रूप में हो, टिकट खरीदने या किसी अन्य रूप में हो। इसका कारण यह है कि कुल जमा राशि उन लोगों को दी जाएगी जिनके नाम ड्रॉ में निकलेंगे, यह स्पष्ट जुआ है। यदि किसी का नाम पुरस्कार ड्रा में नहीं आता है, तो उसे कुछ भी नही मिलेगा, बल्कि उसको धन की हानि होगी।

उपचार योजना

1.उचित परवरिश

एक अच्छा परिवार बच्चों को वह स्थिरता प्रदान करता है जिसकी बच्चों को आवश्यकता होती है और जब यह बच्चों में अल्लाह के प्रति प्रेम और भय पैदा करता है, तो यह इच्छाओं के पीछे भागने के खिलाफ एक मजबूत बाधा बनता है। माता-पिता के लिए सबसे प्रभावी तरीका अपने बच्चों को अच्छे रोल मॉडल प्रदान करना है। यह माता-पिता को केवल बातो से ही नही, बल्कि अपने कार्यो से भी करना होता है।

2.पश्चाताप करें और क्षमा मांगें

आस्तिक पाप करने के तुरंत बाद क्षमा मांगता है और अल्लाह की अवज्ञा करने के लिए शर्म महसूस करता है। इसलिए, कोई भी मुसलमान जो नशीली दवाओं के दुरुपयोग करता है, शराब पीता है या जुआ खेलता है, उसे पता होना चाहिए कि अल्लाह उसकी मदद करने और उसके पापों को क्षमा करने के लिए उपस्थित है। उसे पछताए हुए दिल से अल्लाह के पास जाना चाहिए। दया के पैगंबर ने कहा, "**जो पापो से पश्चाताप करता है वह उस व्यक्ति के समान है जिसने कोई पाप नहीं किया है।" (इब्न माजा)**

हालांकि, पश्चाताप पूरी ईमानदारी से होना चाहिए। व्यक्ति को पाप करने पर शर्मिंदा और दोषी महसूस होना चाहिए। उसे भविष्य में उस पाप से दूर रहने का संकल्प भी लेना चाहिए। उसे उस पाप की भरपाई के लिए सुधार करना चाहिए।

3.अच्छी संगती रखें

अच्छी संगति रखना इलाज के साथ-साथ रोकथाम का भी हिस्सा है। इसके बिना इलाज अधूरा है। व्यक्ति को अच्छे संबंध विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। अच्छे और पवित्र लोगों के आस-पास रहने पर अधिक जोर दिया जाता है। जब कोई व्यक्ति सच्चे मित्रों से वंचित हो जाता है, तो दुखी या अकेला महसूस करने पर उसे याद दिलाने या सलाह देने वाला कोई नहीं होता है। बहुत से लोग बुरी संगति के संपर्क में आने से नशीले पदार्थों, शराब और जुए के जाल में पड़ जाते हैं। मस्जिद के पास रहो और उसमें समय बिताओ, पड़ोस बदलो, शहर से बाहर निकलो, इसके लिए जो कुछ भी करना पड़े वो करो।

4.अपने समय का सही इस्तेमाल करें

जब व्यक्ति के पास खाली समय हो और वो इस समय का उपयोग अल्लाह की आज्ञाकारिता में न करे, तो वह संभवतः इसका उपयोग अल्लाह की अवज्ञा करने के लिए करेगा। ज्यादातर नशेड़ी उदासी की शिकायत करते हैं! खाली समय का उपयोग अल्लाह को खुश करने और परलोक में उसके पुरस्कार को हासिल करने के लिए करना चाहिए। पैगंबर ने कहा "**दो ऐसे आशीर्वाद हैं जिनसे बहुत से लोग वंचित हैं: स्वास्थ्य और खाली समय।" (सहीह अल-बुखारी)**

अपने समय का उपयोग क़ुरआन सीखने, अरबी सीखने, इस्लाम के बारे में जानने और फिर इसे फैलाने में करें। अपने खाली समय का उपयोग कौशल विकसित करने, नौकरी के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करने या शिक्षा प्राप्त करने के लिए करें।

5.पुनर्वसन केंद्र से परामर्श करें

पुनर्वसन कार्यक्रम में शामिल हों और अपनी ज़रूरत की सभी सहायता प्राप्त करें।

6.दुआ (प्रार्थना)

दुआ अपने आप में एक कारगर इलाज है। दुआ में सर्वशक्तिमान से याचना की जाती है जिसके आदेश से सब कुछ होता है। जब कोई अन्य प्रयासों के साथ-साथ दुआ भी करता है, तो अल्लाह निश्चित रूप से अपने सेवकों की मदद करता है और उनकी रक्षा करता है।

फुटनोट:

[1] (http://www.ncpgambling.org)

इस लेख का वेब पता

https://www.newmuslims.com/hi/articles/181

कॉपीराइट © 2011 - 2024 NewMuslims.com. सर्वाधिकार सुरक्षित।